**राजस्थान सरकार**
**निदेशालय कोष एवं लेखा राजस्थान, जयपुर**

"वित्त भवन" जनपथ, जयपुर– 302015
(दूरभाष 0141–2740735, फैक्स 0141–2742309, ई मेल jacct.dta@rajasthan.gov.in)

**क्रमांकः–** एफ. 4(ई) (ओ–129/2008)/अलेसे–III/ 5888 — **दिनांकः–** 14.8.2020.

# कार्यालय आदेश

श्री ओम प्रकाश कुम्हार, कनिष्ठ लेखाकार, (लिंक नंबर– 9277) कार्यालय उपकोष धरियावद, जिला–प्रतापगढ़ को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों, प्रतापगढ़ द्वारा रिश्वत लेने के अपराध संख्या 84/17 में गिरफ्तार किये जाने पर विभागीय आदेश दिनांक 25.04.2017 द्वारा दिनांक 13.04.2017 से निलम्बित किया गया। श्री कुम्हार का वर्तमान में मुख्यालय, कार्यालय कोषाधिकारी, जयपुर (शहर) हैं। कार्मिक (क–3) विभाग के परिपत्र दिनांक 07.07.2010 एवं प्रशासनिक सुधार विभाग (अनु–3) की आज्ञा दिनांक 12.01.2011 के क्रम में गठित निलम्बन से बहाली हेतु आयोजित समीक्षा बैठक दिनांक 27.07.2020 में श्री ओम प्रकाश कुम्हार को निलम्बन से बहाल किये जाने का निर्णय लिये जाने पर श्री ओम प्रकाश कुम्हार, कनिष्ठ लेखाकार जो दिनांक 13.04.2017 से निलम्बित चल रहे है, को निलम्बन से बहाल करते हुए इनका पदस्थापन, कार्यालय कोषालय, अलवर में कनिष्ठ लेखाकार के रिक्त पद पर किया जाता है। श्री कुम्हार पदस्थापन कार्यालय (कोषालय अलवर) में कार्यग्रहण करने की तिथि से निलम्बन से बहाल माने जायेगें। उक्त बहाली माननीय न्यायालय के निर्णय तथा विभागीय जॉच के निर्णय के अध्यधीन रहेगी। निलम्बन अवधि का निर्णय माननीय न्यायालय के निर्णय एवं विभागीय जांच के निर्णय के पश्चात् किया जाएगा।

उक्त आदेश राज्य सरकार वित्त (राजस्व) विभाग के पत्रांक प.2(3) वित्त/राजस्व/2014 दिनांक 29.07.2020 के अनुसरण में जारी किये जाते है।

(मुकुन्द सोहोनी)
**निदेशक**

**क्रमांकः–** एफ. 4(ई) (ओ–129/2008)/अलेसे–III/ 5888 — **दिनांकः** 14.8.2020.

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग शासन सचिवालय, जयपुर।
2. पुलिस अधीक्षक–प्रथम, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर।
3. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, प्रतापगढ़।
4. कोषाधिकारी जयपुर (शहर)/अलवर/प्रतापगढ़।
5. उपकोषाधिकारी, धरियावद जिला–प्रतापगढ
6. उपनिदेशक (जॉच)/उपविधि परामर्शी, कार्यालय हाजा।
7. निजी सहायक, निदेशक महोदय।
8. उपनिदेशक (ए.सी.पी) को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
9. श्री ओम प्रकाश कुम्हार, कनिष्ठ लेखाकार (निलम्बित) कार्यालय–कोषालय जयपुर (शहर)।
10. गोपनीय शाखा/पदस्थापन सीट।
11. निजी/रक्षित पत्रावली।

(शिल्पी कौशिक)
**अतिरिक्त निदेशक(कार्मिक–III)**